

दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मानवाधिकार संगठन ने मेडिकल किट वितरित की

**संवाददाता** देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा दीपलोक स्थित श्रीराम मंदिर में स्थानीय लोगों को एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इंडिया क्रिप्टो रिलीज इंडिया अतुल जैन के सहयोग से मेडिकल किट वितरण किया गया। इसके अलावा टर्निंग प्वाइंट स्कूल की प्रधानाध्यापिका सारिका चौधरी के मेधावी बच्चों को स्कूल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन सचिन जैन अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

### आईएमएस यूनिसन विवि का पांचवां दीक्षांत समारोह धूमधाम से मना

**संवाददाता** देहरादून। आईएमएस यूनिसन विश्वविद्यालय में विधिवत रूप से पांचवा दीक्षांत समारोह शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि कुलाधिपति प्रो. गुरदीप सिंह एवं सम्मानित अतिथि प्रोफेसर नीलू रोहमैत्रा, आई.आई.एम सिरमौर मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ शैक्षणिक पदचाल के साथ हुआ। राष्ट्र गान के बाद कुलाधिपति प्रो. गुरदीप सिंह ने दीक्षांत समारोह के विधिवत संचालन की घोषणा की।

### विश्व शांति महायज्ञ का महा आयोजन किया गया

**संवाददाता** देहरादून। दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विबुद्ध सागर जी महाराज एवं पूज्य क्षुल्लकरत्न श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में 108 दिवसीय णमोकार महामंत्र विधान विधानचार्य प. संदीप जैन सजल पंडित भूपेंद्र जैन द्वारा समापन दिवस पर विश्व शांति हवन किया गया। जिसमें सवा पांच लाख मंत्रों की आहुति की गई। पूजन में भक्तगण भक्ति भाव से पूर्ण होकर भगवान महावीर स्वामी की आराधना की। इसके बाद बड़ी भक्ति से पूज्य आचार्य श्री 108 विबुद्ध सागर जी महाराज की पूजन की गई।

### सोशल मीडिया ऐप कू पर ट्रेंड हुआ हैजटैग जयजवानजयकिसान

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कृषि कानून के वापस लिए जाने की घोषणा के बाद सोशल मीडिया ऐप कू पर आम लोगों के रिएक्शन आने का सिलसिला शुरू हो गया और प्लेटफार्म पर हैजटैग जयजवानजयकिसान ट्रेंड करने लग गया। आज सुबह 9 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम सम्बोधन देते हुए कृषि कानून वापस लिए जाने की घोषणा की। जहा विपक्ष इसे चुनाव के भय से लिया गया निर्णय बता रहा है तो भाजपा इस लोकतंत्र का सम्मान किये जाने वाला निर्णय बता रही है।

# सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए हो रहे हैं कार्यः सीएम

**शुभारम्भ**

■ मूनाकोट, पिथौरागढ़ में केन्द्रीय रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किया शहीद सम्मान यात्रा का शुभारम्भ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश की एकता, अखण्डता एवं रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज अपनी जन्मभूमि सौर घाटी की धरती को नमन करने का अवसर मिला है। उन्होंने सैनिकों के हित में लिए जा रहे निर्णयों एवं उनका उत्साह बढ़ाने के लिए किये जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ जनपद हमेशा से रणबांकुरों की भूमि रही है। उत्तराखण्ड सैनिक बहुल प्रदेश है। वीर भूमि पिथौरागढ़ में वीर सैनिकों के परिजनों एवं वीरांगनाओं का सम्मानित कर हम सब सम्मानित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा जनहित एवं प्रदेशहित में अनेक निर्णय लिये गये हैं। सभी रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। सभी की समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ युवा स्वस्थ उत्तराखण्ड योजना उत्तराखण्ड में शुरू की जा रही है, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम सभा में एक जिम खोला जायेगा। इसका शासनादेश हो चुका है। आपदा के समय केन्द्र सरकार का राज्य को पूरा सहयोग मिला। सेना के 03 सेना के हेलीकॉप्टर केन्द्र सरकार से उत्तराखण्ड भेजे गये, इससे हम 500 से भी अधिक लोगों की जान बचा पाये। इस वर्ष राज्य में बरसात ने कई रिकॉर्ड तोड़े, लेकिन सरकार, शासन एवं प्रसाशन के प्रयासों से जान मान का नुकसान नहीं हुआ। सभी को मौसम के पूर्वानुमान पर अलर्ट किया गया। आपदाग्रस्त क्षेत्रों का हमने लगातार दौरा किया एवं जन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किये गये। कोविड के दौरान प्रभावितों के लिए राहत पैकेज देने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किये गये।

**2025 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जायेगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अपेक्षानुसार हमारा लक्ष्य है कि 2025 में हम उत्तराखण्ड को देश का हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे। उन्होंने इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि पिथौरागढ़ क्षेत्र में पहले बी.आर.ओ. काम करता था, जो यहां से शिफ्ट हो गया, इस बी.आर.ओ. केन्द्र की यहां पर पुनः स्थापना होनी चाहिए। यह सैनिक बहुल एवं सीमांत क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा का पहला शुभारम्भ सवाड़ मे किया गया। सवाड़ में केन्द्रीय विद्यालय की लंबे समय से मांग है, उसके लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जायेगा। सवाड़ में स्मारक की देखरेख के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था की जायेगी।

सीएम ने कहा कि पुराने सैनिक स्मारकों के जीर्णोधार एवं जनपद पिथौरागढ़ में नये सैनिक विश्राम गृह के लिए धनराशि तत्काल जारी की जायेगी।

### सैनिक सीमाओं में रहकर देश की रक्षा करता हैः जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जिस प्रकार सैनिक सीमाओं में रहकर देश की रक्षा करता है तथा देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर देता है, इससे बड़ा बलिदान और कुछ नहीं हो सकता है। यह भूमि वीरों की भूमि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि उत्तराखण्ड में 5वें धाम के रूप में सैन्यधाम होना चाहिए। देहरादून में भव्य सैन्यधाम बनाया जा रहा है।

**देवभूमि के साथ ही वीर भूमि भी हैः अजय भट्ट**

केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा वीर सैनिकों के सम्मान को बढ़ाने का कार्य कर रही है। देश की रक्षा के लिए उत्तराखण्ड के जवानों ने हमेशा अपना सर्वस्व अर्पित किया है। यह देवभूमि के साथ ही वीर भूमि भी है।

# उत्तराखंड के हितों के लिए दौरा ऐतिहासिक रहा: सीएम

**स्वागत**

■ पुलिस लाइन से सीएम आवास तक पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भव्य स्वागत किया

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिवसीय लखनऊ दौरे के बाद शनिवार को देहरादून पहुँचे। मुख्यमंत्री के देहरादून आगमन पर पुलिस लाइन से मुख्यमंत्री आवास तक पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच 21 साल से चल रहे परिसम्पत्ति विवाद को लेकर हुई इस बैठक को ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के हितों के लिए यह दौरा ऐतिहासिक रहा। उन्होंने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि पिछले 21 सालों से उत्तर प्रदेश के साथ परिसंपत्तियों के बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही थी परंतु समाधान तक नहीं पहुंच पा रही थी। लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ मुख्यमंत्री स्तर की बैठक में एक–एक करके परिसंपत्तियों के बंटवारे को लेकर एक–एक बिंदु पर सहमति बन गई। मुख्यमंत्री ने परिसंपत्तियों के बंटवारे से उत्तराखंड व क्षेत्र को होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उल्लेखनीय है बीते गुरुवार को हुई अहम बैठक में किच्छा में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की बस स्टैंड की भूमि को उत्तराखण्ड को 15 दिन के अन्दर हस्तांतरित किया जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वन विभाग के अवशेष 90 करोड़ के देयकों का भुगतान भी तत्काल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को दिए जाने का निर्णय हुआ है। जनपद उधमसिंह नगर स्थित धौरा, बैगुल, नानक सागर जलाशय में पर्यटन एवं वाटर स्पोर्ट की अनुमति दी गई। ऊपरी गंग नहर में वाटर स्पोर्ट की अनुमति भी दी गई। हरिद्वार स्थित अलकनंदा पर्यटक आवास गृह का लोकार्पण दिसम्बर 2021 में किया जाएगा और तत्समय पूर्व पर्यटक आवास गृह उत्तराखंड को हस्तांतरित किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी ड्रेस खरीद की होगी जांचः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि हाल ही में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं हेतु लगभग 66,600 साड़ियों व सूट की खरीद 2.60 करोड़ में की गई। प्रति साड़ी 393 रुपए एवं सूट 398 रुपए में खरीदा गया। उक्त घोटाले की जांच एवं डीबीटी के माध्यम से पैसा खाते में ट्रांसफर कराने को लेकर मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री से आग्रह किया था, जिसके क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर सचिव,महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। नेगी ने कहा कि उक्त खरीदी गई साड़ियों व सूट्स की गुणवत्ता कितनी खराब है कि वो पहनने लायक ही नहीं हैं। विभाग द्वारा इसमें अलग तरह का प्रिंट करवा कर एक तरह से अलग ही खेल गया।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।